विधि विभाग / Department of Law
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर –470003
Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar 470003

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय) (A Central University)
Contact : 07582-297153

---

Ref.No.LawDept./2023-24/206 Date: - 29/12/2023 Sagar

## / / प्रेस विज्ञप्ति / /

आज दिनॉक 29 / 12 / 2023 को अन्तर्विभागीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभाग के लगभग 64 छात्र / छात्राओं ने पंजीकरण कराया जिसमें प्रारंभिक चरण में विभागीय शिक्षकों डॉ. विकास अग्रवाल, श्री विवेक दुबे, श्री नवनीत कुमार सिंह तथा श्री कृष्ण कुमार के निर्णायक मंडल द्वारा 18 छात्र / छात्राओं को अन्तिम चरण के लिए चयनित किया गया। प्रारंभिक चरण का शीर्षक **"समान नागरिक संहिता का वर्तमान भारतीय समाज में प्रयोज्यता"** रहा।

वाद–विवाद के अन्तिम एवं निर्णायक चरण के लिए चयनित 18 छात्र / छात्राओं में से 6 छात्र / छात्राओं ने शीर्षक **"क्या एक लिव–इन–पार्टनर भरण पोषण के लिए हकदार है"** के पक्ष में तथा 6 छात्र / छात्राओं ने विपक्ष में अपने विचार रखे साथ ही 6 छात्र / छात्राओं ने वाद–विवाद में इन्टरजेक्टर की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु निर्णायक मंडल में विभाग के पुरा–छात्र एवं वर्तमान में महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से प्रो. हिमांशु पाण्डेय जी, विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग से डॉ. ज्ञानेश कुमार तिवारी जी तथा वाणिज्य विभाग से डॉ. शालिनी चौथरानी जी रही।

प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान सिमिनाज सिद्दकी बी.ए.एल.एल.बी. ऑनर्स नवम सेमेस्टर विपक्ष में प्रथम स्थान कुलदीप केशरवानी बी.ए.एल.एल.बी. ऑनर्स पंचम सेमेस्टर एवं इन्टरजेक्टर में प्रथम स्थान विवेक सोनी बी.ए.एल.एल.बी. ऑनर्स पंचम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में विभाग के छात्र / छात्राआं ,शोद्यार्थी, शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. मनविन्दर सिंह पाहवा द्वारा की गई। प्रतियोगिता के संयोजक श्री कृष्ण कुमार व छात्र–छात्रा संयोजक अदिति त्रिपाठी तथा मनोज दांगी रहे।

29/12/2023

(प्रो. मनविन्दर सिंह पाहवा)
HEAD
Department of Law
Dr.Harisingh Gour Vishwavidyalaya
Sagar (M. P.)

प्रतिलिपिः–

1. Media Officer, Dr. Hari Singh Gour Vishwavidyalaya, Sagar (M.P.)
2. PS to Hon'ble Vice-Chancellor.
3. PA to Registrar.

Scanned with OKEN Scanner